AWADHNAAMA, LUCKNOW
Friday, 10 October 2014

टीसीएस आईटी विज 2014 लखनऊ संस्करण

एल पी एस व लामार्टिनियर बने विजेता

लखनऊ। उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों से 1200 से भी अधिक छात्रों ने इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में आयोजित टीसीएस आईटी विज में भाग लिया। इस का आयोजन टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) द्वारा किया गया। लखनऊ के अलावा इलाहबाद, देहरादून, फैजाबाद, कानपुर, बरेली, रायबरेली, वाराणसी की टीमों ने इस वर्ष टीसीएस आईटी विज के लखनऊ संस्करण में भाग लिया।

रोमांचक क्षेत्रीय फाइनल के उपरांत लखनऊ पब्लिक स्कूल, सेक्टर-1 से सचिन बेसल व अभिनव सिंह ने खिताब जीता। 2014 टीसीएस आईटी विज के क्षेत्रीय विजेताओं को आई.पैड एयर प्रति एवं दूसरे स्थान के विजेता ला मार्टिनियर ब्वायज कॉलेज से प्रखर राम व आदित्य जालान को आई.पैड मिनी प्रति के साथ विशेष रूप से डिजाइन ट्राफी और पदक से पुरस्कृत किया गया। विजेता टीम अब मेगा फाइनल में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

6 फाइनलिस्ट जिन्होंने मंच पर स्थान बनाया उनको भी स्पेस पैंक, सिपर्स, इयरफोन,यूएसबी पेन ड्राइव, स्पीकर्स सहित कही अन्य गैजेट्स से सम्मानित किया गया। सबसे उत्साही स्कूल ला मार्टिनियर ब्वायज कॉलेज को भी एक साथ काम, रचनात्मकता और उत्साह के लिए एक जार गूडीस और एक कॉफी टेबल बुक प्रदत किया गया। कार्यक्रम के अतिथि ए.एल.बनर्जी, पुलिस महानिदेशक, एवं प्रोफेसर श्रुति शडोलिकर कटकर, कुलपति, भातखंडे संगीत विश्वविद्यालय, लखनऊ ने जयंत कृष्णा, रीजनल हेड, टीसीएस लखनऊ के साथ पुरस्कार वितरित किये। ट्विटर प्रतियोगिता में लगभग 8500 ट्वीट्स किये गये। दो शीर्ष विजेताओं को बलूटूथ स्पीकर्स से सम्मानित से सम्मानित किया गया। ट्विटर प्रतियोगिता में ट्वीट करने पर अंक मिलेंगे, पिक्चर के साथ करने पर 3 अंक एवं री ट्वीट पर 5 अंक अर्जित होंगे। 14 शहरों में उच्चतम ट्वीट अंक अर्जित करने वाले छात्र को टीसीएस आईटीविज के मेगा फाइनल देखने के लिए मुंबई ट्रिप प्रायोजित की जायेगी।